
# 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आज पचास केंद्रों पर होगा टीकाकरण




## शहर के 31 वार्डों में 78 हाटस्पाट में होगा वैक्सीनेशन

रतलाम। शहर के हाट स्पाट क्षेत्रों के 45 वर्ष से अधिक के लोगों के लिए विशेष वैक्सीनेशन प्लान बनाया गया है। एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि इसमें उन लोगों का वैक्सीनेशन होगा जो अब तक संक्रमण से मुक्त रहे हैं। कंटेनमेंट क्षेत्र के लोगों को इसमें शामिल नहीं किया गया है। शहर में कुल 49 वार्डों में 78 क्षेत्र ऐसे हैं जिन्हें हाटस्पाट के रूप में चिन्हित किया गया है। इन क्षेत्रों से जुड़े वैक्सीनेशन केंद्र अलकापुरी कम्युनिटी हाल, काश्यप सभागृह सागोद रोड, आफिसर क्लब डीआरएम आफिस दो बत्ती, धोबी समाज धर्मशाला रामगढ़ तथा मोहन टाकीज क्षेत्र घास बाजार पर हाटस्पाट क्षेत्रों में निवासरत लोगों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। पटरी पार क्षेत्र के सभी 14 वार्डों में हाटस्पाट हैं जबकि वार्ड 15, 16, 17, 27, 28, 30, 31, 32, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 47, 48 में एक भी हाटस्पाट नहीं है।

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए गुरुवार को टीकाकरण 50 स्थानों पर किया जाएगा। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि आलोट के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बस स्टैंड के पास, पीएचसी मंडावल, भोजाखेड़ी उप स्वास्थ्य केंद्र करवाखेड़ी, रणायरा, मांगलिक भवन बाजना, बालक छात्रावास क्रमांक दो रावटी, पंचायत भवन केलकच्छ, कुंदनपुर, माध्यमिक विद्यालय सेमलखेड़ी, प्राथमिक विद्यालय भेरुपाड़ा, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, उप स्वास्थ्य केंद्र कलालिया, रोजाना, लौद, लोहारी, मांडवी, केरवासा, ढोढर, स्वास्थ्य केंद्र झालवा, ऊनी, सादाखेड़ी, पिपलौदा क्षेत्र के जनपद पंचायत पिपलौदा, बालक प्राथमिक विद्यालय कालूखेड़ा, कन्या माध्यमिक विद्यालय सुखेड़ा, आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-दो पंचेवा, उप स्वास्थ्य केंद्र हतनारा, पंचायत भवन बरखेड़ी, चौरासी बड़ायला, नयेली, सोहनगढ़, सैलाना क्षेत्र के मांगलिक भवन जूनावास मोहल्ला सैलाना, ग्राम पंचायत सरवन, शिवगढ़, उप स्वास्थ्य केंद्र करिया, कुंडा, अमरगढ़ में टीकाकरण किया जाएगा।

रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पंचायत भाटी बड़ोदिया, प्राथमिक विद्यालय उमर थाना, बड़ौदा, धाकड़ धर्मशाला धमोतर, उप स्वास्थ्य केंद्र सिमलावदा, ग्राम पंचायत शिवपुर, अमलेटा व रतलाम शहर में कम्युनिटी हाल अलकापुरी, काश्यप सभागृह सागोद रोड रतलाम, आफिसर क्लब डीआरएम आफिस के पास दो बत्ती, धोबी समाज धर्मशाला त्रिपोलिया गेट रामगढ़, मोहन टाकीज घास बाजार पर टीके लगाए जाएंगे। रतलाम शहर के पुराना कलेक्टोरेट में केवल फ्रंटलाइन वर्कर को वैक्सीन का दूसरा टीका लगाया जाएगा।

### 18 से 44 वर्ष आयु समूह में 14 स्थानों पर टीकाकरण

18 से 44 वर्ष आयु समूह अंतर्गत शासकीय कालेज आलोट, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, लायंस क्लब हाल जावरा, मांगलिक भवन जनपद पंचायत के पास बाजना, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल मंडी गेट के सामने सैलाना, जनपद पंचायत परिसर पिपलौदा, हायर सेकेंडरी स्कूल बिलपांक सहित रतलाम शहर के सूरज हाल वेद व्यास कालोनी, गुरुनानक सिंधु भवन विरियाखेड़ी रोड, साई मंदिर परिसर शास्त्री नगर, कम्युनिटी हाल जवाहर नगर, आइएमए हाल राजेंद्र नगर, लायंस क्लब हाल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार पर टीकाकरण किया जाएगा।

नईदुनिया 27/5/21

# नई प्लानिंग... हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अब वैक्सीनेशन पर जोर

## अलकापुरी, दो बत्ती, सागोद रोड, रामगढ़ और घास बाजार में 45+ के लिए आज लगेगा कैंप

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रशासन का जोर अब कोरोना वैक्सीनेशन पर है। इसके लिए नई प्लानिंग की जा रही है। अब शहर के हॉटस्पॉट बने क्षेत्रों में तेजी से वैक्सीनेशन किया जाएगा, मकसद ये है कि जो लोग अभी तक कोरोना से बचे हुए हैं, वे सुरक्षित रहें।

बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने विशेष वैक्सीनेशन प्लान बनाया। इसमें हॉट स्पॉट क्षेत्रों के 45+ उम्र के लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। ऐसे लोगों का वैक्सीनेशन होगा जो अब तक ना तो संक्रमित हुए हैं नाही उनमें लक्षण दिखे हैं ताकि वे भविष्य में भी सुरक्षित रह सकें। ऐसे लोग वैक्सीन नहीं लगवा सकेंगे जो अभी कंटेनमेंट क्षेत्र में रह रहे हैं। शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 27 मई से वैक्सीनेशन होगा। इसमें शहर के अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ऑफिसर क्लब, दो बत्ती, धोबी समाज धर्मशाला रामगढ़ व मोहन टॉकीज क्षेत्र घास बाजार के हॉटस्पॉट क्षेत्रों में निवासरत लोगों का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**जिन लोगों में लक्षण दिखे तो वैक्सीनेशन करवाने से बचें :-** एसडीएम ने बताया ऐसे लोग जिन्हें पिछले 15 दिन में किसी भी तरह के लक्षण दिखे हो, वे वैक्सीनेशन में शामिल ना हों।

### 45 साल से ज्यादा आयु का 50 स्थानों पर होगा टीकाकरण

जिले में 27 मई को 45 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को 50 स्थानों पर टीके लगाए जाएंगे। जिले के आलोट के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल, पीएचसी मंडावल, उपस्वास्थ्य केंद्र करवाखेड़ी, उपस्वास्थ्य केंद्र रणायरा, पीएचसी भोजाखेड़ी, बाजना क्षेत्र के मांगलिक भवन बाजना, बालक छात्रावास क्रमांक 2 रावटी, पंचायत भवन केलकच्छ, पंचायत भवन कुंदनपुर, माध्यमिक विद्यालय सेमलखेड़ी, प्राथमिक विद्यालय भेरुपाड़ा, जावरा क्षेत्र के महात्मा गांधी स्कूल, उप स्वास्थ्य केंद्र कलालिया, उप स्वास्थ्य केंद्र रोजाना, उप स्वास्थ्य केंद्र लोद, उप स्वास्थ्य केंद्र लोहारी, उप स्वास्थ्य केंद्र मांडवी, उपस्वास्थ्य केंद्र केरवासा, उपस्वास्थ्य केंद्र ढोढर, स्वास्थ्य केंद्र झलवा, उपस्वास्थ्य केंद्र ऊनी, उप स्वास्थ्य केंद्र सादाखेड़ी सहित अन्य क्षेत्रों में टीकाकरण होगा। शहर के पुराने कलेक्टोरेट में केवल फ्रंटलाइन वर्कर्स को वैक्सीन का दूसरा टीका लगाया जाएगा।

# 15 मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोविड-19 संक्रमण में होम आइसोलेशन में रह रहे 15 मरीजों

### 11 नए कंटेनमेंट झोन बनाए, अब शहर में कुल 194

संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए शहर में बुधवार तक 194 कंटेनमेंट झोन बनाए जा चुके हैं। इनमें 57 से ज्यादा खोले भी जा

**अब हम निहत्थे नहीं** • इंदौर रेफर हो रहे थे केस, रतलाम मेडिकल कॉलेज में आज से ओपीडी भी शुरू होगी

# मेडिकल कॉलेज में भी होगा ब्लैक फंगस का इलाज, एम्फोटेरिसिन बी के 35 इंजेक्शन मिले

## भोपाल में सैलाना के युवक में ब्लैक फंगस की पुष्टि

भास्कर संवाददाता | रतलाम

ब्लैक फंगस से निपटने के लिए अब हम भी तैयार हैं। बुधवार को रतलाम मेडिकल कॉलेज को इलाज के लिए एम्फोटेरिसिन बी के 35 इंजेक्शन मिले हैं, गुरुवार से मेडिकल कॉलेज में ब्लैक फंगस के इलाज के लिए ओपीडी भी शुरू हो जाएगी। यह हमारे जिले की पहली ओपीडी होगी, शंका होने पर सुबह 9 से शाम 4 के बीच कोई भी अपनी जांच करवा सकता है। इधर, रतलाम के सैलाना के एक युवक में भोपाल में ब्लैक फंगस की पुष्टि हुई है।

प्रदेश में जिस बीमारी ने सभी की नींद उड़ा दी है, उससे निपटने के लिए रतलाम अब तक निहत्था था, यानी हमारे पास मरीज को रखने के तो इंतजाम थे, लेकिन दवा का कोई



25 मई को प्रकाशित खबर

प्रबंध नहीं था। दो दिन पहले सीएम शिवराजसिंह चौहान की वीसी में भी यह मामला उठा था। मंगलवार को रतलाम मेडिकल कॉलेज को ब्लैक फंगस के इलाज में उपयोगी एम्फोटेरिसिन बी के 35 इंजेक्शन मिले हैं। एक मरीज को ये 5 इंजेक्शन लगाए जाते हैं, शासन ने ही इंतजाम किया है।

### इंदौर रेफर नहीं करना होगा

*एम्फोटेरिसिन बी के इंजेक्शन मिलने से मरीजों को इंदौर रेफर नहीं करना पड़ेगा। ओपीडी गुरुवार से शुरू होगी।*

**डॉ. जितेंद्र गुप्ता,**
डीन, मेडिकल कॉलेज, रतलाम

### ईएनटी, ऑप्थोमोलॉजिस्ट और डेंटिस्ट ओपीडी में रहेंगे

गुरुवार से मेडिकल कॉलेज में ब्लैक फंगस की ओपीडी भी शुरू हो जाएगी। ये ओपीडी फीवर क्लिनिक में ही रहेगी। इसमें ईएनटी, ऑप्थोमोलॉजिस्ट और डेंटिस्ट की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में अभी ब्लैक फंगस के लिए कोई भी ओपीडी नहीं है। मरीज सीधे इस ओपीडी में पहुंचकर जांच करवा सकते है। पुष्टि के लिए एमआरआई और माइक्रोबॉयोलोजी की रिपोर्ट रहेगी।

### मेडिकल कॉलेज को 144 ओसाकोनेजोल टेबलेट मिली

मेडिकल कॉलेज को 144 ओसाकोनेजोल टेबलेट मिली। इसके लिए कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने उज्जैन ज्वाइंट डायरेक्टर को पत्र लिखा था। बुधवार रात 11 बजे 144 ओसाकोनेजोल टेबलेट रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंच गई है। यह खेप उज्जैन से भेजी गई है।

### भोपाल में एक केस में पुष्टि

*भोपाल एम्स में रतलाम जिले के एक व्यक्ति में पुष्टि हुई है। दो संदिग्ध मामले सामने आए हैं।*

**डॉ. गौरव बोरीवाल,**
एपेडेमियोलॉजिस्ट, रतलाम

### संभाग स्तर पर भी इंतजाम

*मार्केट में अभी एम्फोटेरिसिन बी इंजेक्शन नहीं है। जरूरत पड़ने पर हम उज्जैन से भी इन्हें मंगवा सकते हैं।*

**सारिका अग्रवाल,**
ड्रग इंस्पेक्टर, रतलाम

## 48 नए पॉजिटिव, दो लोगों ने भी तोड़ा दम

रतलाम | जिले में कोरोना संक्रमित अब लगातार कम हो रहे हैं। बुधवार को 48 नए पॉजिटिव सामने आए, इसी के साथ अब कुल संक्रमितों का आंकड़ा 17148 हो गया। इधर, बुधवार को 2 लोगों ने दम तोड़ा, इसी के साथ अब जिले में कुल 300 मौत हो गई है।

रतलाम के साथ ही ग्रामीण अंचल में भी संक्रमित सामने आ रहे है। वहीं बच्चों के संक्रमित होने का सिलसिला भी जारी है। बुधवार को मिली रिपोर्ट में रतलाम के दो 11 साल के बच्चे, दो 8 साल के बच्चे, और एक 10 साल का बच्चा पॉजिटिव मिला है। जिले में 66 दिन बाद 50 से कम पॉजिटिव सामने आए हैं। इससे पहले 22 मार्च को 37 पॉजिटिव मिले थे, इसके बाद आंकड़ा 50 के पार हो गया था। वहीं, बुधवार को अशोक नगर निवासी 45 साल की महिला और सज्जनमिल रोड निवासी 81 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ा।

दैनिक भास्कर 27/05/21

## डॉक्टर या इलाज पर सवाल खड़े करने से पहले, ये खबर जरूर पढ़ें

• महामारी में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर अपनों को भी नहीं बचा पाए

# 300 मौतें अब तक कोरोना से

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम में बुधवार को कोरोना से मौत का सरकारी आंकड़ा 300 हो गया है। जिले में 300वीं मौत सज्जन मिल रोड निवासी एक दवे की हुई। इनकी उम्र 81 साल थी। किसी को दोष देने से पहले आप ये जरूर जान लें कि... ये महामारी है। यहां तक कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के परिवार भी इस महामारी की चपेट में आए हैं। दिन-रात कॉलेज में आमजन की सेवा में लगे डॉक्टर में से किसी ने पिता को खो दिया... तो कोई अपने काका या बुआ को नहीं बचा सका। कॉलेज में इलाज के दौरान डॉक्टरों के साथ ही वहां के स्टाफ ने भी पूरा साथ दिया... लेकिन वही हुआ जो, विधाता को मंजूर था। सभी मृतकों को हम नमन करते है... पढ़ें, किस तरह डॉक्टर भी अपनों को नहीं बचा सके...।

### 45 से ज्यादा डॉक्टर हो चुके पॉजिटिव

मेडिकल कॉलेज के 45 से ज्यादा डॉक्टर पॉजिटिव हो चुके हैं। मई में 37 डॉक्टर एक्टिव पॉजिटिव थे, इससे काम पर असर पड़ा। उस दौरान कॉलेज फुल था। अन्य डॉक्टर 3-4 घंटे की नींद लेकर काम करते रहे।

### हिम्मत नहीं हारी

*80 प्रतिशत से ज्यादा लंग्स इंवोल्व्मेंट होने के बाद मरीज कॉलेज पहुंचे। शुरुआती लक्षण होने पर ही डॉक्टर के पास पहुंच जाएं। कॉलेज में ऐसे मामले भी हैं, जिनमें कई डॉक्टरों के पूरे-पूरे परिवार संक्रमित हुए हैं। कई लोगों ने अपनों को खोया है। किसी ने हिम्मत नहीं हारी, सभी जोश के साथ काम पर लौटे। इस हिम्मत व जज्बे को सलाम है।*

## सीटी स्कोर सिर्फ 7, बुखार आया... तबीयत बिगड़ी, 7 दिन में पिताजी ने तोड़ दिया दम

मेडिकल कॉलेज के डॉ. प्रफुल्ल सोनगरा के पिताजी भंवरलाल सोनगरा (69) सरकारी कर्मचारी थे। वे मंदसौर में पैतृक निवास पर रहते थे, बुखार आया... जांच करवाई, जो कि पॉजिटिव निकली। बेटे के रतलाम कॉलेज में होने से वे यहां 20 अप्रैल को भर्ती हो गए। जब वे आए थे, तब बिल्कुल नार्मल थे। हालांकि, धीरे-धीरे स्थिति बिगड़ती जा रही थी। डॉ. प्रफुल्ल के साथ अन्य डॉक्टर और स्टाफ उनकी देखरेख कर रहे थे लेकिन, ऑक्सीजन लेवल लगातार डाउन हो रहा था, उन्हें बचाया नहीं जा सका। 27 अप्रैल को उन्होंने दम तोड़ दिया।



### 70% लंग्स इंफेक्शन... भतीजे पर भरोसा था, रतलाम मेडिकल कॉलेज आए


मेडिकल कॉलेज में मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. प्रवीण बघेल बुआ की जान नहीं बचा सके। धार निवासी 43 साल की केनबाई भिड़े की 24 अप्रैल को मौत हो गई। डॉ. बघेल ने बताया हमारा और बुआ का परिवार एक जैसा है। मैं उनके घर ही खेला-कूदा और बड़ा हुआ। बुआ की तबीयत बिगड़ी, 70% लंग्स इंफेक्शन था। 21 अप्रैल को उन्हें कॉलेज में भर्ती करवाया। वे इस भरोसे आए थे, कि यहां मैं हूं सबकुछ ठीक हो जाएगा। उनकी स्थिति बिगड़ती गई व 24 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया।

### मेडिकल कॉलेज में 7 दिन चला इलाज फिर भी नहीं बचा सके पिताजी को

मेडिकल कॉलेज के फॉरेंसिक डिपार्टमेंट के डॉक्टर ऋतुराज बामनिया के पिताजी की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। डॉ. बामनिया ने बताया 30 अप्रैल को पिताजी की तबीयत बिगड़ने पर कॉलेज में भर्ती करवाया था। रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी। हालांकि, वे डायबिटिक थे। सभी लोगों ने मदद की, उनका इलाज चला लेकिन उनकी पल्स रेट बहुत ज्यादा थी, सोडियम बढ़ रहा था। रेमडेसिविर इंजेक्शन के 5 डोज उन्हें लग गए थे। अंततः उन्हें बचाया नहीं जा सका। 7 मई को कॉलेज में उन्होंने दम तोड़ दिया।

### 20 दिन तक काका मेडिकल कॉलेज में भर्ती रहे, वेंटिलेटर भी लगा

मेडिकल कॉलेज के एक डॉक्टर ने बताया उनके 56 वर्षीय काका 20 दिन तक मेडिकल कॉलेज में भर्ती रहे थे। 70% तक लंग्स इंवोल्वमेंट आ गया था। ऑक्सीजन लेवल लगातार कम हो रहा था। 22 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया। वे 15 दिन तक लगातार वेंटिलेटर पर थे, उनकी जान बचाने के लिए सभी प्रयास कर रहे थे। 16 मई को उनका निधन हो गया।



सुनीता कुमावत, मंजू जोकचंद दल में मौजूद थीं।


**घर-घर जाकर जुटा रहे जानकारी**

**पिपलौदा।** ग्राम रोकोदा में किल कोरोना अभियान के तहत डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के दौरान खांसी, बुखार, सर्दी के मरीज मिलने पर उन्हें आवश्यक सलाह के साथ दवाइयां वितरित की जा रही है। दल ने गांव में घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों को किल कोरोना अभियान की जानकारी देते हुए कोरोना संक्रमण को लेकर सतर्क रहने की समझाइश दी। बेवजह सड़कों पर नहीं घूमने, घर से निकलते समय मास्क का उपयोग करने, दो गज की दूरी बनाकर रखने की समझाइश दी जा रही है। इसके साथ रजिस्टर में संबंधित मुखिया का नाम, सदस्य का नाम, मोबाइल नंबर तथा उनका टेंपरेचर चेक किया जा रहा है। सर्दी, खांसी, बुखार के लक्षण दिखाई पड़ने पर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की जा रही हैं। दल में शामिल किरण बैरागी, ममता परमार, ललिता कारपेंटर, कृष्णा सोलंकी, कृष्णा गुजराती व दशरथदास बैरागी किल कोरोना अभियान का संचालन कर रहे हैं।

**बेहतर मिल रहे अभियान के परिणाम**

**करिया।** किल कोरोना अभियान में मिलने वाले संदिग्ध परिवारों की ली जा रही सैंपलिंग के कारण परिणाम मिल रहे हैं। गांव में दो दिन पूर्व हुई युवक की एकाएक मौत के बाद प्रशासन ने क्षेत्रवासियों व संबंधित परिवार की कोविड जांच करवाई।

जांच उपरांत सोमवार को मृत युवक की पत्नी व माता की रिपोर्ट कोरोना संक्रमित आने पर मंगलवार को तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी व सीईओ बलवंतसिंह नलवाया संक्रमित परिवार को समझाइश देने गांव पहुंचे। इस दौरान पटवारी कैलाशचंद्र खराड़ी, आशा कार्यकर्ता भगवती बैरागी, सज्जन सोनार्थी, सीता बैरागी, बापूलाल चरपोटा, लखन कमोदिया आदि उपस्थित थे। एसडीएम कामनी ठाकुर का कहना है महामारी की रोकथाम में किल कोरोना अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। गांववासियों को आगे आकर जांच में सहयोग करना चाहिए।



रोकोदा में पल्स आक्सीमीटर से जांच करती हुई कार्यकर्ता। • नईदुनिया

## थर्मल स्क्रीनिंग, जांचा आक्सीजन लेवल

**आम्बा।** जिले में सात मई से किल कोरोना अभियान संचालित है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड नियंत्रण और आमजन को कोरोना से बचाव, उपचार के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग के फ्रंट लाइन वर्कर सर्वे कर रहे हैं। अभियान के तहत ग्राम में थर्मल स्क्रीनिंग और आक्सीजन लेवल की जांच प्राथमिक दल आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सर्वे कर रहे हैं। सर्दी, खांसी व बुखार जैसे लक्षण होने पर उनकी लाइन लिस्ट करके द्वितीय पर्यवेक्षण दल को जानकारी दी जा रही है। कोविड जांच के लिए फीवर क्लीनिक पर सैंपल के लिए रेफर किया जा रहा है। सांस लेने में तकलीफ या लंबे समय से बुखार आदि होने पर नजदीकी कोविड केयर सेंटर पर भेजा जा रहा है। ग्राम में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा 150 घरों का सर्वे कर कुल 808 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। आक्सीजन लेवल की भी जांच की गई। बीएमओ डा. योगेंद्रसिंह गामड़ ने सभी से अपील की है कि स्वास्थ्य अमला जब स्क्रीनिंग के लिए आए तो उनका सहयोग करें। सही जानकारी दें और कोई लक्षण हो तो बताएं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माधुरी पाटीदार, गंगा परिहार, तारा परिहार, विमला कनौजा, आशा कार्यकर्ता रेखा विश्वकर्मा, मंजू तंवर द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं।



करिया में संक्रमित परिवार को समझाइश देते हुए सीईओ बलवंतसिंह नलवाया व तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी। • नईदुनिया

**स्वास्थ्य के बारे में ली जानकारी**

**ताल।** स्वास्थ्य विभाग के साथ राजस्व, शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और नर्सिंग स्टाफ द्वारा शासन के निर्देशानुसार घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते हुए प्रत्येक घर पर आरटी पीसीआर किट से कोरोना संक्रमण की जांच की गई। दल में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक के साथ राजस्व निरीक्षक दीपक टोकरे, कस्बा पटवारी रंगलाल शर्मा, प्रशांत शुक्ला, शिक्षा विभाग के जाकिर खान पठान ने घर-घर दस्तक देकर लोगों की जांच करवाई।

### जनपद सदस्य ने की हौसला अफजाई

**डोबर।** समीपस्थ ग्राम चिकलाना में कोरोना महामारी के चलते किल कोरोना अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा

1500 से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग तथा आक्सीजन लेवल चेक किया गया है। स्वास्थ्य विभाग तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ग्राम में भ्रमण के दौरान जनपद सदस्य नारायणसिंह चंद्रावत ने हौसला अफजाई की। टीम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंगूरबाला रांगोटा, लालकुंवर चंद्रावत, निर्मला रांगोटा, आशा कार्यकर्ता चंदा धाकड़, मंजू सेन, धापूबाई धाकड़ सहित स्वास्थ्य विभाग की तनुजा गंधर्व, प्रेमलता गोदा निरंतर लोगों की स्क्रीनिंग कर कोरोना वायरस से बचाव हेतु जागृत कर रही हैं।

**टीकाकरण के लिए कर रहे प्रेरित**

**आलोट।** स्वास्थ्य व महिला बाल

मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी भी ली जा रही है। मंगलवार को जनपद अध्यक्ष कालूसिंह परिहार व जनपद सदस्य रमेश मालवीय द्वारा ग्राम शीशा खेड़ी में निरीक्षण किया गया। कोरोना मरीज के घर पर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेकर दवाई वितरित की गई। ग्रामीणों को घरों में रहने, बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाने एवं कोरोना के नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। लोगों को टीका लगवाने के लिए भी प्रेरित किया गया। महिला बाल विकास पर्यवेक्षक बरखा जोशी ने अध्यक्ष परिहार को सर्वे की जानकारी दी। कार्यकर्ता विलम डांगी, सचिव श्रवणसिंह उपस्थित रहे।

## स्वस्थ होकर लौटा शिवगढ़ का छह सदस्यीय परिवार

**सैलाना।** सेवा भारती व प्रशासन के संयुक्त सौजन्य से संचालित माधव कोरोना देखभाल केंद्र के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों व स्वयंसेवकों को मंगलवार से अब दो मासूम बच्चों की कमी खलने लगी है। मंगलवार से यहां किलकारियां गूंजना बंद हो गई। दरअसल शिवगढ़ के छह सदस्यीय परिवार को कोरोना संक्रमण होने के कारण यहां रखा गया था। उनमें से एक 18 माह का बेटा व 15 दिन की बेटी भी थी। बेटा अभिनंदन व बेटी श्रेयांशी जब चार पीढ़ी के साथ यहां से लौट रहे थे तो चिकित्सकों, नर्सों ने उन्हें स्वजनों की विदाई दी। इससे माहौल में ऐसी पारिवारिकता घुल गई कि मौजूद सभी की आंखें नम हो गईं।

**यूं आया पूरा परिवार-** शिवगढ़ निवासी 30 वर्षीय चंद्रप्रताप सिंह को 12 मई को कोरोना संक्रमित होने से केंद्र पर लाया गया था। परिवार के अन्य सदस्यों की जांच हुई तो वे भी संक्रमित निकले। अंततः 15 मई को चंद्रप्रतापसिंह की 28 वर्षीय पत्नी सीमा कुंवर, 60 वर्षीय माता सीता कुंवर, 85 वर्षीय दादी लाल कुंवर भी यहां लाए गए। इनके साथ दो बच्चे अभिनंदन व श्रेयांशी को भी यहीं शिफ्ट किया गया।

# मिनी स्मार्ट सिटी के ठेकेदार ने खुदाई में तोड़े नल कनेक्शन, हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहा



**रतलाम** | लगभग सालभर से बंद पड़ा शास्त्री नगर सांई मंदिर के पीछे वाली पॉवर हाउस रोड तिराहा से न्यू रोड तिराहे तक जा रही सड़क का काम बुधवार से फिर शुरू हुआ। वह भी लापरवाही के साथ ठेकेदार के कर्मचारियों ने आव देखा न ताव सड़क को फोरलेन इतना चौड़ा बनाने के लिए ताबड़तोड़ मशीनों से साइडिंग की खुदाई शुरू कर दी। इसमें 8 से 10 घरेलू नल कनेक्शन की लाइन तोड़ दी। सुबह सप्लाई का समय था, इसलिए पाइप लाइन टूटते ही पानी बह निकला। शिकायत मिलने पर भाजपा कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के अध्यक्ष आदित्य डागा पहुंचे और नगर निगम के जलप्रदाय के अफसरों को फोन लगाया। इंजीनियर सुहास पंडित ने पहुंचकर मुआयना किया फिर ठेकेदार को ठीक से काम करने की हिदायत देकर उसी से टूटे हुए नल कनेक्शन ठीक करवाए।

# खुदाई के बाद सड़क की मरम्मत नहीं करने से शास्त्री नगर में निगम के टैंकर का पहिया फंसा



**रतलाम** | शास्त्रीनगर में खुदाई के बाद सड़क व्यवस्थित नहीं करने से बुधवार को नगर निगम के ही पानी के टैंकर का पहिया इसमें फंस

# चिकित्सा के मंदिर प्रांगण में अब चहुंओर योग अमृत बरसेगा

## आज बढ़-चढ़कर आयुर्वेद अपने परम शिखर तक पहुंच रहा है-वर्मा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मेडिकल कॉलेज पर वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कोरोना संक्रमण से पीड़ित उपचाराधीन मरीज है उनमें उपचार हेतु सबसे ज्यादा रामबाण भारतीय ऋषि मुनियों की देन योग आयुर्वेदिक विधि कारगर सिद्ध हो रही है। वर्तमान समय में आयुर्वेदिक उपचार योग ध्यान मेडिटेशन और आत्मविश्वास को प्रबल करने के लिए जो योग ध्यान बोध कथा चिकित्सालय में उपचारत मरीजों को सुनाई जा रही है, उसका मरीजों पर शारीरिक मानसिक भौतिक अध्यात्मिक ज्ञान दर्शन लेकर बेहतर स्वास्थ लाभ का सबसे गहरा प्रभाव पड़ रहा है ।

पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा ने बताया कि आज मरीज नयन बिछाएं निहारते रहते हैं और उसी का परिणाम है कि आज जो महामारी अपने चरम सीमा पर थी उसका प्रतिशत दिन-प्रतिदिन घटते ही जा रहा है यही उपचार की जो पद्धति है आज बढ़-चढ़कर आयुर्वेद अपने परम शिखर तक पहुंच रहा हैं वास्तविक रूप में यह जरूरी



भी है पूर्व में जो एलोपैथी का उपचार किया जाता था चल रहा है, आज वही लोगों में जनमानस में प्रकृति पर्यावरण के प्रति उनका रुझान बढ़ा है । अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए लोग बड़ी संख्या में औषधीय पेड़ पौधों का रोपण अपने घर पर ही वैदिक उपचार को अपनाने की लालसा कर रहे हैं और इस जागृति के प्रभाव से घर-घर अमृता, नीम, गिलोय, तुलसी, पौधे वातावरण संक्रमण मुक्ति लिए शुद्धिकरण के लिए हर घर-घर यज्ञ करने वैदिक पद्धति के अंतर्गत इन चीजों को वृहद स्तर पर प्राथमिकता दी जा रही हैं और आज उसी का सकारात्मक परिणाम है कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ.हर्षवर्धन ने भी इस चीज को अंतर्मन की गहराई से स्वीकारा है ।

उन्होंने लोगों को भी इस और जागृत करने के लिए आयुर्वेदिक उपचार को सर्वोपरि माना हैं तथा लोगों के द्वारा किया जा रहा योग आयुर्वेद को भी उन्होंने सर्वश्रेष्ठ स्थान के रूप में आज कोराना जैसी महामारी के उपचार हेतु सर्वोपरि अस्त्र के रूप में स्वीकार किया है। निश्चित है कि आगामी भविष्य में अगर इस प्रकार के अन्य संक्रमणों जानलेवा बीमारियां भी उत्पन्न होती है तो आज से अभी से ही हमें योग आयुर्वेद जैसे उपचार की पद्धतियों को संग्रहित कर भावी पीढ़ी को बढ़ावा देना होगा ताकि आने वाले भविष्य में हम परिवार समाज संग सुरक्षित संरक्षित सतर्क हो सके इस अमृत पद्धति को स्वीकार कर लोगों के जीवन को बचाया जा सके ।

मेडिकल कॉलेज में भी उपचाराधीन मरीजों को पिछले 20 दिनों से अधिक निरंतर प्रयत्नशील कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता व प्रशासनिक अधिकारियों की विशेष देख-रेख में योग अमृत बरस रहा है। संक्रमण मुक्ति का सफल प्रयास पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा, सहयोगी दर्शन शास्त्र ज्योतिषाचार्य पं. संजय शिवशंकर दवे ने बताया कि प्रतिदिन योग, प्राणायाम, आसन, ध्यान, मेडिटेशन, एक्यूप्रेशर, चिकित्सा ,आयुर्वेदिक, देशी नुस्खों की पोटली संग्रह लिए शुद्ध आहार-विहार स्वस्थ जीवन-शैली जीवन दर्शन जीवन सूत्रों से रूबरू कराते हुए सकारात्मक विचारधारा दृष्टिकोण लिए पचपन से बचपन की ओर ले जाकर बोध आलौकिक आत्म कथाओं सुमधुर गीत संगीत रचनात्मक कलाओं से परिपूर्ण आलौकिक शक्ति सामर्थ्य लिए वरिष्ठ विशेषज्ञों के द्वारा भी समय-समय पर मानसिक शारीरिक आध्यात्मिक ज्ञान के भंडार से परिपूर्ण मानव परमार्थ सेवा संकल्प कार्य प्रवाहित है। उपचाराधीन मरीजों पर इसका इतना गहरा प्रभाव पड़ रहा है जिसकी कल्पना शब्दों में बयां की नहीं जा सकती मरीज यहीं कहा जा सकता हैं । योग जोड़ने का कार्य करता है और योग संयोग से ही हम एक-दूसरे से मिल पाते हैं मेडिकल कॉलेज से व्यक्ति अपने घर जाने के उपरान्त प्रत्यक्ष मिलकर व फोन द्वारा अपने मन-वचन-वाणी अनुभवों को आंखों से अमृत धारा बहाते हुए हृदय की गहराई से सादर अभिवादन धन्यवाद व्यक्त कर अनन्य रूप में अपने आप को धन्य भाग्यशाली मानते जा रहें हैं ।

# कोरोना मरीजों के गहन सर्वेक्षण के लिए दो दिवसीय अभियान आज से

रतलाम ● स्वदेश समाचार

रतलाम शहर में कोरोना मरीजों के गहन सर्वेक्षण तथा शत प्रतिशत संक्रमण मुक्त करने के लिए के लिए दो दिवसीय अभियान 27 मई से आरंभ किया जा रहा है। हर घर दस्तक कोई घर छुटेगा नहीं नामक इस अभियान में सर्वेक्षण दल रतलाम शहर के प्रत्येक घर पहुंचेंगे।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि यद्यपि कोरोना मरीजों की संख्या में काफी कमी आई है फिर भी कुछ गंभीर मरीज सामने आते हैं इसके लिए आवश्यक है कि गहन सर्वेक्षण किया जाकर संदिग्ध मरीज चिन्हांकित किए जाएं। उनको प्रारंभिक स्तर पर ही दवाई दी जाकर गंभीरता से बचाया जाए। इसके लिए हर घर दस्तक अभियान आरंभ किया जा रहा है। अभियान में 300 सर्वेक्षण दल काम करेंगे। इनमें नगर निगम, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व तथा शिक्षा विभाग के कर्मचारी सम्मिलित हैं, इनको 26 मई को प्रशिक्षित किया गया।

कलेक्टर ने बताया कि सर्वेक्षण दल बीमार व्यक्ति को चिन्हांकित करके प्राइमरी स्तर पर ही दवाई देंगे। मरीज की गंभीरता के अनुसार टेस्ट की आवश्यकता पर उसका सैंपल टेस्ट भी करवाया जाएगा। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि अभियान में सहयोग करें, सही जानकारी दें। यह अभियान आपके हित में है, अभियान में संदिग्ध मरीजों की पूरे सप्ताह मॉनिटरिंग की जाएगी

स्वदेश 27/5/21

# कोरोना मरीजों के गहन सर्वेक्षण के लिए आज से दो दिवसीय अभियान

रतलाम। शहर में कोरोना मरीजों के गहन सर्वेक्षण तथा शत प्रतिशत संक्रमण मुक्त करने के लिए के लिए दो दिवसीय अभियान आज से आरंभ

## ४हर घर दस्तक कोई घर छुटेगा नहीं सर्वेक्षण अभियान

किया जा रहा है। हर घर दस्तक कोई घर छुटेगा नहीं नामक इस अभियान में सर्वेक्षण दल रतलाम शहर के प्रत्येक घर पहुंचेंगे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि यद्यपि कोरोना मरीजों की संख्या में काफी कमी आई है फिर भी कुछ गंभीर मरीज सामने आते हैं इसके लिए आवश्यक है कि गहन सर्वेक्षण किया जाकर संदिग्ध मरीज चिन्हांकित किए जाएं। उनको प्रारंभिक स्तर पर ही दवाई दी जाकर गंभीरता से बचाया जाए। इसके लिए हर घर दस्तक अभियान आरंभ किया जा रहा है। अभियान में 300 सर्वेक्षण दल काम करेंगे।



इनमें नगर निगम, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व तथा शिक्षा विभाग के कर्मचारी सम्मिलित हैं, इनको 26 मई को प्रशिक्षित किया गया। कलेक्टर ने बताया कि सर्वेक्षण दल बीमार व्यक्ति को चिन्हांकित करके प्राइमरी स्तर पर ही दवाई देंगे। मरीज की गंभीरता के अनुसार टेस्ट की आवश्यकता पर उसका सैंपल टेस्ट भी करवाया जाएगा।

## 5 स्थानों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया

हर घर दस्तक अभियान के तहत 26 मई को रतलाम शहर के 5 स्थानों पर प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण ले रहे दलों को संबोधित भी किया। बरतें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत, जिला महिला बाल विकास अधिकारी विनीता लोढा आदि उपस्थित थे।



नवभारत

नवभारत
27/5/21

ही थी मशक्कत, अब 71% बेड खाली, भर्ती होने के लिए वेटिंग खत्म

# के 380 बेड पर भी अब मरीज नहीं

## 0 बेड में से 333 खाली, रेलवे में 74 में से 64 बेड खाली, शुक्र है... मौत के आंकड़े भी घटे

| अस्पताल | कुल बेड | खाली | ऑक्सीजन | आईसीयू/एचडीयू |
|---|---|---|---|---|
| जानक हॉस्पिटल | 38 | 16 | 0 | 0 |
| रतलाम हॉस्पिटल | 50 | 20 | 6 | 1 |
| आयेशा सिद्दीकी | 30 | 22 | 11 | 0 |
| शासकीय महाविद्यालय | 30 | 23 | 0 | 0 |
| सैलाना कन्या परिसर | 100 | 85 | 23 | 0 |
| जावरा सरस्वती मंदिर | 50 | 23 | 0 | 0 |
| समर्पण हॉस्पिटल | 15 | 8 | 5 | 3 |
| रियावन पिपलौदा | 50 | 48 | 0 | 0 |
| बड़ाइला माताजी | 50 | 50 | 0 | 0 |
| जावरा सीसीसी | 30 | 27 | 0 | 0 |
| जावरा रिंगनोद | 50 | 49 | 0 | 0 |
| जावरा रिजोर्ट | 100 | 100 | 0 | 0 |
| आंबेडकर भवन | 20 | 19 | 0 | 0 |
| छात्रावास बिलपांक | 37 | 37 | 17 | 0 |
| सोहनगढ़ पिपलौदा | 50 | 50 | 0 | 0 |
| बोरखेड़ा पिपलौदा | 30 | 30 | 0 | 0 |
| कालूखेड़ा पिपलौदा | 20 | 16 | 10 | 0 |
| सुखेड़ा पिपलौदा | 25 | 12 | 5 | 0 |
| आंबा पिपलौदा | 40 | 40 | 0 | 0 |
| बड़ौदा सीसीसी | 20 | 20 | 0 | 0 |
| आलोट होस्टल | 20 | 18 | 0 | 0 |
| खारवांकला आलोट | 20 | 15 | 5 | 0 |
| पिपलौदा हतनारा | 20 | 18 | 0 | 0 |
| धराड़ सीसीसी | 20 | 20 | 0 | 0 |
| बांगरोद धर्मशाला | 20 | 18 | 0 | 0 |
| धामनोद छात्रावास | 30 | 30 | 0 | 0 |
| बिरमावल | 15 | 15 | 0 | 0 |
| नामली सीसीसी | 42 | 42 | 0 | 0 |
| बड़ायला चौरासी | 30 | 20 | 0 | 0 |
| बड़ावदा सीसीसी | 30 | 29 | 5 | 0 |
| पिपलौदा खरखेड़ी | 25 | 14 | 0 | 0 |
| सांईश्री हॉस्पिटल | 11 | 7 | 4 | 2 |
| बुरहानी हॉस्पिटल | 8 | 5 | 3 | 0 |

/5/21

# शास्त्री नगर सड़क निर्माण में नल कनेक्शन टूटे

## सप्लाई के दौरान हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में पावर हाउस रोड से शास्त्री नगर होकर न्यू रोड तक सड़क निर्माण के लिए खोदाई में गुरुवार को कई नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए। सुबह करीब 11 बजे सप्लाय के दौरान हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया, वहीं क्षेत्र के करीब 200 घरों में आपूर्ति प्रभावित हुई। सूचना मिलने पर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और निर्माण एजेंसी से मरम्मत कार्य शुरू करवाया।

मालूम हो कि मिनी स्मार्ट सिटी में बनने वाली इस सड़क का काम करीब दो वर्षों से अटका हुआ है। पहले एक हिस्से में शोल्डर के लिए खोदाई की गई थी। लाकडाउन में निर्माण पूरा करने के लिए निर्माण एजेंसी आर्यव्रत कंस्ट्रक्शन द्वारा सड़क का एक हिस्सा बनाया जा रहा है। सीवरेज, मिनी स्मार्ट सिटी सहित अन्य प्रोजेक्ट में खोदाई से कई बार पेयजल पाइप लाइन, टेलीफोन-मोबाइल केबल क्षतिग्रस्त होने के चलते प्रशासन ने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया था कि खोदाई से पहले इन विभागों को सूचित किया जाए। इसके विपरीत गुरुवार को बगैर सूचना के खोदाई से नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए। मानीटरिंग एजेंसी मप्र अर्बन डेवलपमेंट के इंजीनियर अमन खंडेलवाल ने बताया कि खोदाई वाले स्थान पर पाइपलाइन होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन कई बार भूमिगत स्तर ऊंचा-नीचा होने से भी खोदाई में लाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है। शुक्रवार दोपहर तक सुधार पूरा करने के लिए कहा है। इधर नगर निगम के जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य ने बताया कि पहले मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली थी, मौके पर निरीक्षण में नल कनेक्शन टूटने का पता चला। सुधार करवा रहे हैं।



सड़क निर्माण के लिए खोदाई में नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने से पानी व्यर्थ बहता रहा। • नईदुनिया

नईदुनिया 27/5/21

**सौगात** | **चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के माध्यम से हुआ मेडिकल कालेज में स्थापित**

# पीएसए आक्सीजन प्लांट का स्थापना कार्य पूर्ण

रतलाम। चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा शासकीय मेडिकल में पीएसए आक्सीजन कंसेंट्रेटर प्लांट की स्थापना का कार्य उपकरण आते ही पूर्ण हो गया है। इसका विद्युत कनेक्शन भी जुड़ गया है और आक्सीजन उत्पादन व आपूर्ति का परीक्षण शुरू कर दिया गया है। परीक्षण पूर्ण होते ही आक्सीजन प्लांट का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।

फाउंडेशन अध्यक्ष व शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि शासकीय मेडिकल कालेज में पीएसए आक्सीजन प्लांट के लिए आवश्यक सभी उपकरण कोयंबटूर से बुधवार को आ गए। इसके बाद इंजीनियरों की टीम ने दिनभर में उनका इंस्टालेशन कर दिया। कोयंबटूर से 57 क्यूबिक मीटर क्षमता का जनरेटर, 2000 लीटर क्षमता का आक्सीजन रिसीवर, एयर रिसीवर तथा एयर ड्रायर लाया गया है। आक्सीजन प्लांट के लिए सबसे महत्वपूर्ण एयर कंप्रेशर पिछले सप्ताह ही पुणे से रतलाम आ चुका था।

आक्सीजन प्लांट के इन सभी उपकरणों को स्थापित करने के साथ विद्युत कनेक्शन भी जोड़ दिया गया और आक्सीजन प्लांट से शासकीय मेडिकल कालेज की मेन लाइन से जोड़कर प्यूरिटी चेक करने का कार्य आरंभ कर दिया गया है। काश्यप ने बताया कि आक्सीजन उत्पादन व आपूर्ति के परीक्षण के बाद प्लांट का शुभारंभ कर दिया जाएगा। यह आक्सीजन प्लांट ट्रायडेंट कंपनी द्वारा लगाया गया है, जो डीआरडीओ की चैनल पार्टनर है और उसने देश के कई मेडिकल कालेज में आक्सीजन प्लांट लगाए हैं। पीएसए प्लांट में सीधे हवा से आक्सीजन उत्पादित होगा। इससे लिक्विड आक्सीजन पर निर्भरता नहीं रहेगी और मरीजों को अनवरत आक्सीजन की आपूर्ति हो सकेगी।



रतलाम के शासकीय मेडिकल कालेज में पीएसए आक्सीजन प्लांट का स्थापना कार्य पूर्ण हो गया है। • नईदुनिया

नईदुनिया 27/5/21

## राहत : जिले में बुधवार को 48 नए मरीज मिले और दो मौत

# संक्रमण दर 3.58 प्रतिशत हुई, कुल 300 मौत

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना महामारी की संक्रमण दर अब तेजी से घट रही है। गत नौ दिनों में पाजिटिविटी रेट 10 से घटकर 3.58 प्रतिशत पर पहुंच गया है। स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को 48 नए मरीज मिले, 244 स्वस्थ हुए जबकि दो मौत हुई। एक जून से होने वाले अनलाक को लेकर जिलेवासियों के लिए यह सुखद संकेत है। जिले में गत छह दिनों में औसत संक्रमण दर 5.80 प्रतिशत है।

जिले में सर्वाधिक 398 पाजिटिव मरीज 8 मई को मिले थे, तब संक्रमण दर 26 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। बुधवार को 48 नए मरीज मिलने के साथ ही कुल मरीजों की संख्या 17148 हो गई है। अब तक 15346 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं जबकि 300 की मौत हो गई। मई के 26 दिनों में ही 71 मौत हुई है। अशोक नगर निवासी 45 वर्षीय महिला व तिरुपति नगर निवासी 81 वर्षीय पुरुष ने मेडिकल कालेज में मंगलवार को दम तोड़ दिया, जिसकी पुष्टि बुधवार को की गई। अभी एक्टिव मरीजों की संख्या 1502 है। कोरोना काल में जिले की औसत संक्रमण दर 10.70 व रिकवरी रेट 89.49 प्रतिशत है।

### नौ दिन में संक्रमण दर

| तारीख | सैंपल | मरीज | संक्रमण दर |
|---|---|---|---|
| 18 मई | 1604 | 160 | 9.98 |
| 19 मई | 1565 | 162 | 10.36 |
| 20 मई | 1648 | 146 | 8.86 |
| 21 मई | 1648 | 132 | 8.01 |
| 22 मई | 1525 | 110 | 7.21 |
| 23 मई | 1162 | 081 | 6.97 |
| 24 मई | 1232 | 052 | 4.22 |
| 25 मई | 1198 | 052 | 4.34 |
| 26 मई | 1351 | 048 | 3.58 |

**मेडिकल कालेज में 311 बेड रिक्त:** शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से बुधवार को 42 व्यक्ति स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया।

डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि 17 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 54 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 144 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 38 पर पेशेंट हैं।

नान आक्सीजन बेड 142 में से तीन पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 239 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 180 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 311 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7146, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5584, करंट स्टाक पांच है।

# कोरोना संदिग्धों की पहचान के लिए सघन सर्वे आज से

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में कोरोना मरीजों के गहन सर्वेक्षण तथा शत प्रतिशत संक्रमण मुक्ति के लिए दो दिवसीय अभियान 27 मई से प्रारंभ होगा। हर घर दस्तक, कोई घर छूटेगा नहीं इस अभियान में सर्वेक्षण दल रतलाम शहर के प्रत्येक घर पहुंचेंगे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि कोरोना मरीजों की संख्या में काफी कमी आई है, लेकिन कुछ गंभीर मरीज सामने आते हैं, ऐसे में गहन सर्वेक्षण कर संदिग्ध मरीजों को चिन्हित करना जरूरी है। इससे उनको प्रारंभिक स्तर पर ही दवाई दी जाकर गंभीरता से बचाया जाए। अभियान में 300 सर्वेक्षण दल काम करेंगे। इनमें नगर निगम, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व तथा शिक्षा विभाग के कर्मचारी सम्मिलित हैं।

**सैंपलिंग कर दवाएं देंगे:** कलेक्टर ने बताया कि सर्वेक्षण दल बीमार व्यक्ति को प्राइमरी स्तर पर ही दवाई देंगे। मरीज की गंभीरता के अनुसार सैंपल टेस्ट भी करवाया जाएगा। आमजन अभियान में सहयोग करें, सही जानकारी दें। संदिग्ध मरीजों की पूरे सप्ताह मानीटरिंग की जाएगी।

**पांच स्थानों पर प्रशिक्षण दिया:** गुरुवार को शहर के 5 स्थानों पर दलों को प्रशिक्षित किया गया। कलेक्टर ने प्रशिक्षण ले रहे दलों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान बहुत महत्वपूर्ण है। शहर को संक्रमण से मुक्त

नईदुनिया
27/5/21

# शहर के हॉट स्पॉट क्षेत्रों के लोगों के लिए विशेष वैक्सीनेशन प्लान

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर शहर के हॉट स्पॉट क्षेत्रों के 45 वर्ष से अधिक के लोगों के लिए विशेष वैक्सीनेशन प्लान बनाया गया है। इसमें हॉट स्पॉट क्षेत्रों के उन लोगों का वैक्सीनेशन होगा जो अब तक न तो संक्रमित हुए हैं, न ही जिनमें संक्रमण के कोई लक्षण पाए गए हैं। इन क्षेत्रों के ऐसे लोग जो अब तक संक्रमण से मुक्त रहे हैं, उन लोगों को वैक्सीनेशन के माध्यम से पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने के लिए यह विशेष वैक्सीनेशन प्लान बनाया गया है। इसमें वे भी शामिल नहीं होंगे जो इन हॉट स्पॉट क्षेत्रों में वर्तमान में बने कंटेनमेंट क्षेत्र में निवासरत हैं। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 27 मई से रतलाम शहर में अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ऑफिसर क्लब डीआरएम ऑफिस, दो बत्ती, धोबी समाज धर्मशाला रामगढ़ तथा मोहन टॉकीज क्षेत्र घास बाजार में हॉटस्पॉट क्षेत्रों में निवासरत लोगों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन में वे लोग शामिल न हो जो पॉजिटिव हुए हैं। ऐसे लोग जिन्हें किसी भी तरह के लक्षण पिछले 15 दिन में पाए गए हैं वह भी वैक्सीनेशन में शामिल न हो। इन क्षेत्रों में यदि कंटेनमेंट बनाए गए हैं तो उन कंटेनमेंट क्षेत्रों में निवासरत लोग भी इस वैक्सीनेशन प्लान में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने इन क्षेत्रों के सभी 45 वर्ष से अधिक के लोगों से आग्रह किया है कि वे वैक्सीनेशन करवाएं।

## अनावश्यक बाहर निकले पर कार्रवाई, 98 वाहन जब्त, 37 को अस्थाई जेल भेजा

रतलाम। पुलिस के अनुसार लॉकडाउन में टू व्हीलर वाहनों की अपेक्षा फोर व्हीलर वाहनों पर लोग अनावश्यक घूम कर लॉक डाउन का उल्लंघन कर रहे हैं। पुलिस अब ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने 98 दुपहिया और चार पहिया वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की। एसपी गौरव तिवारी ने बताया कि वर्तमान में लॉकडाउन प्रभावशील है और ईपास की व्यवस्था लागू की गई है। इसके बावजूद देखने में आया है कि टू व्हीलर वाहनों की अपेक्षा फोर व्हीलर वाहनों पर लोग अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलकर लॉक डाउन का उल्लंघन कर रहे हैं। इसके साथ ही वाहनों के भीतर मास्क का उपयोग ना कर अपने और दूसरों के स्वास्थ्य खतरे में डाल रहे हैं। पुलिस के अनुसार अब ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। जिसके तहत मोटर व्हीकल एक्ट सहित अन्य विधि संगत कार्रवाई की जा रही है और वाहन को जप्त कर न्यायालय हेतु प्रकरण बनाए जा रहे हैं जिसका निराकरण न्यायालय द्वारा किया जाएगा। पुलिस ने अनावश्यक रूप से वाहनों पर घूम रहे लोगों पर कार्रवाई करते हुए 98 दुपहिया और चार पहिया वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की। लॉक डाउन का उल्लंघन कर घूम रहे 37 लोगों को गिरफ्तार कर अस्थाई जेल में निरुद्ध किया गया। वहीं मास्क नहीं पहनने पर पर 153 लोग के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की गई।

## मेडिकल कॉलेज से 42 डिस्चार्ज

रतलाम। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर बुधवार को 42 व्यक्ति अपने घर लौटे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में 17 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 में से 54 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बैड में 144 पर पेशेंट हैं। ऑक्सीजन बेड 180 में 38 पर पेशेंट हैं। नॉन ऑक्सीजन बैड 142 में से 3 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 239 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती है इनमें 180 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 311 है।

नवभारत

# लायंस हॉल पर भी हो सकेगी कोविड की जांच

रतलाम● कोरोना काल में वैसे तो हर लायन अपने स्तर पर पीड़ित मानवता की सेवारत है, इसी कड़ी में लायंस हाल के पैथोलॉजी में नई जांच मशीनें (कोविड-19) का शुभारंभ हुआ। इन मशीनों के माध्यम से कोविड 19 से संबंधित जांचे की जाएगी वो भी शासन द्वारा निर्धारित दरों पर।


लगभग 3 लाख की इन मशीनों का शुभारंभ के अवसर पर झोन चेयरपर्सन लायन गोपाल जोशी, लायन राजेश भार्गव, लायन संजय गुणावत, लायन विक्रम सिसोदिया, लायन सुनील जैन, लायन नीरज सुरोलिया क्लब कोषाध्यक्ष, लायन प्रवीण रामावत, क्लब सचिव लायन दिनेश कुमार उपस्थित थे। अध्यक्ष लायन स्नेह सचदेव ने बताया कि इन मशीनों से कोविड से संबंधित जांचों की रिपोर्ट जल्दी मिल पाएगी और मरीजों को इलाज में जल्द से जल्द फायदा हो सकेगा। इन मशीनों से डी डायमर, आईएल 6, फेरेटिन, सीआरपी क्वांटिटेटिव एवं एसएलडीएच जांच होगी वो भी न्यूनतम दरों पर हो सकेगी तथा जांच के लिए शहरवासियों को भटकना नहीं पड़ेगा। यह जानकारी लायंस क्लब अध्यक्ष स्नेह सचदेव ने दी।

नवभारत
27/5/21

# चेतन्य काश्यप फाउंडेशन ने मेडिकल कॉलेज में लगवाया ऑक्सीजन प्लांट

पत्रिका सिटी हैपनिंग

## बिजली कनेक्शन होते ही ऑक्सीजन उत्पादन एवं आपूर्ति का परीक्षण शुरू कर दिया





पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन द्वारा शासकीय मेडिकल रतलाम में पीएसए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्लांट की स्थापना का कार्य उपकरण आते ही पूर्ण हो गया है। विद्युत कनेक्शन भी जुड़ गया है और ऑक्सीजन उत्पादन एवं आपूर्ति का परीक्षण शुरू कर दिया गया है। परीक्षण पूर्ण होते ही ऑक्सीजन प्लांट का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।

फाउण्डेशन अध्यक्ष, विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के लिए आवश्यक सभी उपकरण कोयम्बटूर से बुधवार को आ गए। इंजीनियरों की टीम ने दिनभर में इंस्टॉलेशन कर दिया। कोयम्बटूर से 57 क्यूबिक मीटर क्षमता का जनरेटर, 2000 लीटर क्षमता का ऑक्सीजन रिसीवर, एयर रिसीवर तथा एयर ड्रॉयर लाया गया है। ऑक्सीजन प्लांट के लिए सबसे महत्वपूर्ण एयर कंप्रेशर पिछले सप्ताह पुणे से रतलाम आ चुका था।

**कॉलेज की मुख्य लाइन से जोड़ा-** ऑक्सीजन प्लांट के इन सभी उपकरणों को स्थापित करने के साथ विद्युत कनेक्शन भी जोड़ दिया गया और ऑक्सीजन प्लांट से शासकीय मेडिकल कॉलेज की मेन लाईन से जोड़कर प्यूरिटी चेक करने का कार्य आरंभ कर दिया गया है। काश्यप ने बताया कि ऑक्सीजन उत्पादन एवं आपूर्ति के परीक्षण के बाद प्लांट का शुभारंभ कर दिया जाएगा। यह ऑक्सीजन प्लांट ट्रायडेंट कंपनी द्वारा लगाया गया है, जो डीआरडीओ की चैनल पार्टनर है। पीएसए प्लांट में सीधे हवा से ऑक्सीजन उत्पादित होगा।

पत्रिका
27/5/21

# 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को 50 स्थानों पर लगेगा टीका

रतलाम @ पत्रिका. टीकाकरण के दौरान गुरुवार को 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण 50 स्थानों पर किया जाएगा।

आलोट के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बस स्टैंड के पास आलोट, पीएचसी मंडावल, उप स्वास्थ्य केंद्र करवाखेड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र रणायरा, पीएचसी भोजाखेड़ी, बाजना क्षेत्र के मांगलिक भवन बाजना, बालक छात्रावास 2 रावटी, पंचायत भवन केलकच्छ, पंचायत भवन कुंदनपुर, माध्यमिक विद्यालय सेमलखेड़ी, प्राथमिक विद्यालय भेरुपाड़ा, जावरा क्षेत्र के महात्मा गांधी स्कूल जावरा, उप स्वास्थ्य केंद्र कलालिया, उप स्वास्थ्य केंद्र रोजाना, उप स्वास्थ्य केंद्र लोद, उप स्वास्थ्य केंद्र लोहारी, उप स्वास्थ्य केंद्र मांडवी, उप स्वास्थ्य केंद्र केरवासा, उप स्वास्थ्य केंद्र ढोढर, स्वास्थ्य केंद्र झलवा, उप स्वास्थ्य केंद्र ऊनी, उप स्वास्थ्य केंद्र सादाखेड़ी, पिपलोदा क्षेत्र के जनपद पंचायत पिपलोदा, बालक प्राथमिक विद्यालय कालूखेड़ा, कन्या माध्यमिक विद्यालय सुखेड़ा, आंगनवाड़ी केंद्र 2 पंचेवा, उप स्वास्थ्य केंद्र हतनारा, पंचायत भवन बरखेड़ी, पंचायत भवन चौरासी बड़ायला, पंचायत भवन नवेली, पंचायत भवन सोहनगढ़, सैलाना क्षेत्र के मांगलिक भवन जूनावास मोहल्ला सैलाना, ग्राम पंचायत सरवन, ग्राम पंचायत शिवगढ़, उप स्वास्थ्य केंद्र करिया, उप स्वास्थ्य केंद्र कुंडा, उप स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ में टीकाकरण किया जाएगा।

रतलाम शहर में कम्युनिटी हॉल अलकापुरी रतलाम, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ऑफिसर क्लब डीआरएम ऑफिस के पास दो बत्ती, धोबी समाज धर्मशाला त्रिपोलिया गेट रामगढ़, मोहन टॉकीज घास बाजार पर 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीके लगाए जाएंगे। रतलाम शहर के पुराना कलेक्ट्रेट में केवल फ्रंटलाइन वर्कर्स को वैक्सीन का दूसरा टीका लगाया जाएगा।

पत्रिका
27/5/21

# मेडिकल कॉलेज से 42 व्यक्ति डिस्चार्ज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर बुधवार को 42 व्यक्ति अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा अपने परिजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज

# घर-घर दस्तक देकर कर रहे जांच, लक्षण दिखने पर भेज रहे अस्पताल

## किल कोरोना अभियान : संक्रमण की रोकथाम के लिए जी-जान से जुटा मैदानी अमला, जनप्रतिनिधि और अन्य संस्थाओं के सदस्य पर कर रहे सहयोग


रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में किल कोरोना अभियान-तीन के तहत मैदानी अमले द्वारा घर-घर दस्तक दी जा रही है। अमले द्वारा घर के प्रत्येक सदस्य की जांच कर आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही कोरोना के लक्षण दिखने वाले व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। कई लोगों को जरूरी दवाइयों की किट का वितरण भी किया जा रहा है। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों के साथ कई संस्थाओं के सदस्य भी सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

**मरीजों को दवाई के साथ समझाइश**

नामली। नगर में लगातार किल कोरोना अभियान तीन के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों के घर-घर जाकर स्वास्थ्य की जांच करने का कार्य किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक-आठ की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा नगर के बारह पत्थर वार्ड क्रमांक-नौ में किल कोरोना अभियान के अंतर्गत रहवासियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के दौरान सर्दी, खासी, बुखार के मरीजों को दवाई देने के साथ समझाइश



नामली के वार्ड क्रमांक नौ में रहवासी के स्वास्थ्य की जांच करती हुई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता। ●नईदुनिया





आम्बा में किल कोरोना अभियान के तहत थर्मल स्क्रीनिंग करती हुई आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता। ●नईदुनिया





बिकलाना में ग्रामवासियों की स्क्रीनिंग तथा आक्सीजन लेवल चेक करते हुए स्वास्थ्य विभाग तथा आशा कार्यकर्ताओं की टीम। ●नईदुनिया



ग्राम शीशा खेड़ी में ग्रामीण को दवाई वितरित करते हुए जनपद अध्यक्ष कालुसिंह परिहार। ●नईदुनिया

ग्राम में घर-घर जाकर संपर्क अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। 21 मई से

विकास विभाग द्वारा गांव-गांव में किल कोरोना अभियान चलाया जा रहा है,

# मेडिकल कॉलेज में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन का ऑक्सीजन प्लांट तैयार, टेस्टिंग शुरू, पूरी होते ही 140 मरीजों को लगातार मिलने लगेगी प्राणवायु

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मेडिकल कॉलेज में इलाज करवा रहे रतलाम सहित आसपास के 6 जिलों के कोरोना संक्रमितों को अब ऑक्सीजन की कमी की चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बंजली स्थित मेडिकल कॉलेज में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन का ऑक्सीजन प्लांट लग चुका है। बिजली कनेक्शन होने के बाद बुधवार से उत्पादन और आपूर्ति की टेस्टिंग भी शुरू हो चुकी है। एक-दो दिन में इसके पूरी होते ही प्लांट को कॉलेज के कोविड अस्पताल की ऑक्सीजन लाइन से जोड़कर सप्लाई प्रारंभ कर दी जाएगी। 57 क्यूबिक मीटर क्षमता वाले प्लांट से कॉलेज में भर्ती रतलाम, मंदसौर, नीमच, धार, उज्जैन और झाबुआ के 140 मरीजों को लगातार ऑक्सीजन मिल सकेगी।

यह सब संभव हो पाया है विधायक चेतन्य काश्यप के प्राणवायु संबल अभियान की बदौलत। अप्रैल अंत में ऑक्सीजन की भारी किल्लत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज को ऑक्सीजन के मामले में आत्म निर्भर बनाने के लिए विधायक काश्यप ने अपने चेतन्य काश्यप फाउंडेशन से 1.02 करोड़ के खर्च से प्रेशर स्विंग एब्जार्ब्सन (पीएसए) ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट लगाने की सहमति दी थी। इसकी खासियत यह है कि प्लांट सीधे हवा से ऑक्सीजन का उत्पादन करेगा। लिक्विड ऑक्सीजन की जरूरत नहीं होगी।

## कोयम्बटूर से पीएसए ऑक्सीजन उपकरण आए, शाम तक इंजीनियरों ने प्लांट तैयार किया



मेडिकल कॉलेज में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट की टेस्टिंग करते इंजीनियर की टीम।

फाउंडेशन अध्यक्ष और विधायक काश्यप ने बताया कोयम्बटूर से बुधवार सुबह पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के सारे उपकरण आ गए। इंजीनियरों की टीम ने दिनभर मेहनत कर उनका इंस्टॉलेशन कर प्लांट चालू कर दिया है। सबसे महत्वपूर्ण एयर कंप्रेशर पिछले सप्ताह ही पुणे से यहां पहुंच गया था। बुधवार को 57 क्यूबिक मीटर क्षमता का जनरेटर, 2000 लीटर क्षमता का ऑक्सीजन रिसीवर, एयर रिसीवर और एयर ड्रायर भी आ गए। उपकरणों को स्थापित करके बिजली कनेक्शन भी हो गया है। प्लांट से मेडिकल कॉलेज की मेन लाईन को जोड़कर प्यूरिटी चेक की जा रही है। परीक्षण के बाद प्लांट का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। प्लांट डीआरडीओ की चैनल पार्टनर कंपनी ट्रायटेक ने लगाया है।

# आज से कोरोना मरीजों के गहन सर्वेक्षण करने चलेगा दो दिनी अभियान, कलेक्टर ने दी ट्रेनिंग





रतलाम | शहर को 100 प्रतिशत संक्रमण मुक्त करने के लिए 27 मई से दो दिनी अभियान चलेगा। इसमें कोरोना मरीजों का गहन सर्वेक्षण किया जाएगा। अभियान में 300 सर्वेक्षण दल काम करेंगे। इनमें नगर निगम, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व तथा शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को शामिल किया गया है। बुधवार को दल को पांच स्थानों पर प्रशिक्षण दिया गया। महलवाड़ा परिसर में कलेक्टर कुमार ने कर्मचारियों को बताया कि अभियान में क्या करना है। एसडीएम अभिषेक गहलोत, जिला महिला बाल विकास अधिकारी विनीता लोढ़ा आदि उपस्थित रहे।

दे. भास्कर
27/5/21

विरोध

# वार्ड सर्वे में शिक्षकों के साथ प्राचार्यों की लगाई ड्यूटी, डीईओ को जताया विरोध

## प्राचार्यों की ड्यूटी लगाने से प्राचार्यों में आक्रोष, डीईओ को जताया विरोध

रतलाम. शहर के 49 वार्डों में कोरोना के संभावित या सर्दी, खांसी से पीड़ित मरीजों के सर्वे कार्य के लिए जिला प्रशासन ने नगर निगम, आंगनवाड़ी और शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है। यहां तक तो ठीक है किंतु शिक्षक नाम देकर शहर के संकुल प्राचार्यों की भी शिक्षकों की तरह घर-घर सर्वे करने की ड्यूटी लगा दी जाने से मामला विवादों में आ गया है। कुछ प्राचार्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी को इस बात पर आपत्ति भी जताई है कि शिक्षकों की ड्यूटी लगाने की बजाय प्राचार्यों की ड्यूटी कैसे लगा दी गई। विभाग के जिम्मेदारों ने कलेक्टर से ड्यूटी लगने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया है।

## प्राचार्य जाएंगे घर-घर सर्वे करने के लिए

शहर के 49 वार्डों में से कुछ हॉट स्पाट है तो कुछ सामान्य वार्ड के रूप में हैं। कोरोना काल में किसी न किसी वार्ड में कई सारे कोरोना पाजिटिव मरीज मिल रहे हैं। ऐसे में हर घर सर्वे करने के लिए जिला प्रशासन ने कदम बढ़ाया है। इनमें शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाना थी किंतु प्राचार्यों की ड्यूटी शिक्षक की तरह लगा दिए जाने से प्राचार्यों में आक्रोश है। सूत्र बताते हैं कि कई व्याख्याताओं और कुछ प्राचार्यों को छोड़कर महिला प्राचार्यों और दिव्यांग शिक्षकों की ड्यूटी लगा देने से मामला और गंभीर हो गया है। दिव्यांग शिक्षक या व्याख्याता कैसे सर्वे करेंगे यह सोचा जा सकता है। दूसरी तरफ जिनकी ड्यूटी नहीं लगी वे खुश हो रहे हैं।

## शिक्षकों की सूची में प्राचार्यों के नाम

विभागीय सूत्र बताते हैं कि जिला प्रशासन ने सर्वे कार्य के लिए शिक्षकों की सूची विभाग से मांगी थी। पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से व्याख्याताओं को लगाया जाना था किंतु शिक्षकों की सूची में प्राचार्यों के नाम भी शामिल करके सूची भेज दी गई। इससे कई शिक्षक और व्याख्याताओं की ड्यूटी नहीं लगी और प्राचार्यों की ड्यूटी लग गई।

जिला प्रशासन ने सर्वे कार्य के लिए शिक्षकों की सूची मांगी थी। सूची में सभी के नाम भेजे गए थे। अब जिला प्रशासन ने जिनकी ड्यूटी लगाई है यह वहीं से तय हुआ है। इसमें हमारा कोई रोल नहीं है।

**केसी शर्मा**, डीईओ, रतलाम

पत्रिका २७/५/२१

# मेडिकल कालेज में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का स्थापना कार्य पूर्ण

रतलाम। चैतन्य काश्यप फाउण्डेशन द्वारा शासकीय मेडिकल रतलाम में पीएसए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्लांट की स्थापना का कार्य उपकरण आते ही पूर्ण हो गया है। इसका विद्युत कनेक्शन भी जुड़ गया है और ऑक्सीजन उत्पादन एवं आपूर्ति का परीक्षण शुरू कर दिया गया है। परीक्षण पूर्ण होते ही ऑक्सीजन प्लांट का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।

फाउण्डेशन अध्यक्ष विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया. कि शासकीय मेडिकल कॉलेज में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के लिए



आवश्यक सभी उपकरण कोयम्बटूर से बुधवार को आ गए। इंजीनियरों की टीम ने दिनभर में उनका इंस्टॉलेशन कर दिया। कोयम्बटूर से 57 क्यूबिक मीटर क्षमता का जनरेटर, 2000 लीटर क्षमता का ऑक्सीजन रिसीवर, एयर रिसीवर तथा एयर ड्रॉयर लाया गया है। ऑक्सीजन प्लांट के लिए सबसे महत्वपूर्ण एयर कंप्रेशर पिछले सप्ताह ही पूणे से रतलाम आ चुका था। ऑक्सीजन प्लांट के इन सभी उपकरणों को स्थापित करने के साथ विद्युत कनेक्शन भी जोड़ दिया गया और ऑक्सीजन प्लांट से शासकीय मेडिकल कॉलेज की मेन लाईन से जोड़कर प्यूरिटी चेक करने का कार्य आरंभ कर दिया गया है। श्री काश्यप ने बताया कि ऑक्सीजन उत्पादन एवं आपूर्ति के परीक्षण के बाद प्लांट का शुभारंभ कर दिया जाएगा। यह ऑक्सीजन प्लांट ट्रायडेंट कंपनी द्वारा लगाया गया है, जो डीआरडीओ की चैनल पार्टनर है और उसने देश के कई मेडिकल कालेज में ऑक्सीजन प्लांट लगाए है।

नवभारत
२७/५/२१

**कोरोना रिवर्स में ये आंकड़े अच्छे हैं** • रतलाम में 14 दिन पहले बेड नहीं थे, एक-एक ऑक्सीजन बेड के लिए हो

# 50 कोविड केयर सेंटरों में 1565 बेड खाली, ऑक्सीजन


## अब इक्का-दुक्का ही तोड़ रहे दम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना काल में अब अच्छे आंकड़े सामने आने लगे हैं। बुधवार को जिले के 50 कोविड केयर सेंटरों में 1565 बेड खाली थे। इनमें ऑक्सीजन के 380 बेड भी शामिल हैं। वहीं, आईसीयू और एचडीयू के 52 बेड भी खाली हैं जो बड़ी राहत है।

राहत इसलिए क्योंकि 14 दिन पहले तक हमारे शहर में ऑक्सीजन का एक भी बेड खाली नहीं था व मरीज परेशान हो रहे थे। जहां बेड खाली होता, वहां तत्काल मरीज भर्ती हो जाते। जिले के 50 कोविड सेंटरों में 2202 बेड हैं यानी 71% बेड खाली हो चुके हैं। इधर, मेडिकल कॉलेज में 333 बेड खाली हैं, इनमें से 97 ऑक्सीजन के तो वहीं, 37 आईसीयू और एचडीयू के हैं। कॉलेज के हालात अब सुधर चुके हैं, यहां मरीजों को भर्ती होने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ रहा।

### 8 दिन पहले 3 हजार से ज्यादा थे एक्टिव केस




### मौत के आंकड़े 5 गुना कम, दो दिन से 1-1 ही दम तोड़ रहे, मई में अब तक 106 लोगों ने तोड़ा दम

इधर मौत के आंकड़े भी कम हो गए हैं। दो दिन में दो लोगों ने ही दम तोड़ा है। जबकि पिछले दिनों 2 दिन में 10 लोगों की मृत्यु हो रही थी। अप्रैल और मई में औसतन रोज 5 लोग हमारे शहर में दम तोड़ रहे थे। अप्रैल महीने में 102 लोगों ने कोरोना से दम तोड़ा है। मई महीने में बुधवार तक 106 लोगों की मौत हो गई।

### मिल रही राहत : मेडिकल कॉलेज के 55

| अस्पताल | कुल बेड | खाली | ऑक्सीजन | आईसीयू/ एचडीयू |
|---|---|---|---|---|
| मेडिकल कॉलेज | 550 | 333 | 97 | 37 |
| रेलवे अस्पताल | 74 | 64 | 90 | 0 |
| सीएचएल जैन दिवाकर | 42 | 27 | 27 | 0 |
| डॉ. जीतमल अग्रवाल | 11 | 6 | 4 | 2 |
| आशीर्वाद हॉस्पिटल | 12 | 1 | 1 | 0 |
| आरोग्यम हॉस्पिटल | 15 | 10 | 7 | 3 |
| शाह नर्सिंग होम | 10 | 0 | 0 | 0 |
| मिश्री देवी हॉस्पिटल | 14 | 14 | 9 | 0 |
| नवीन कन्या परिसर | 50 | 39 | 0 | 0 |
| छात्रावास आलोट | 30 | 20 | 10 | 0 |
| गायत्री हॉस्पिटल | 30 | 21 | 15 | 0 |
| जीवांश हॉस्पिटल | 15 | 5 | 1 | 1 |
| आईटीआई बाजना | 50 | 45 | 4 | 0 |
| गीता देवी हॉस्पिटल | 25 | 5 | 0 | 0 |
| जिला अस्पताल | 63 | 16 | 16 | 0 |
| जावरा अस्पताल | 70 | 1 | 1 | 0 |
| वेदांत हॉस्पिटल | 15 | 12 | 4 | 3 |

दैनिक भास्कर 27

# मेडिकल कॉलेज में पॉजिटिव मृत मरीजों की नेगेटिव रिपोर्ट देने की शिकायत की

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर विक्रांत भूरिया ने मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता से मुलाकात कर मेडिकल कॉलेज में हो रही अव्यवस्थाओं से मरीजों के परिजनों की तकलीफ को दूर करने की मांग की है।

उन्होंने कहाकि कॉलेज परिसर में ऑक्सीजन प्लांट लगने के विलंब के कारण कई मरीजों को नुकसान हुआ है। आगामी तीसरी लहर के अंदेशे को देखते हुए शीघ्र ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की जाए। साथ ही कॉलेज द्वारा मृत मरीजों को पॉजिटिव होते हुए भी नेगेटिव रिपोर्ट देने पर चिंता जाहिर की ऐसा होने पर मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कॉलेज परिसर में सीटी स्कैन मशीन लगाने की मांग की है। डॉ. भूरिया ने संविदा पर रखें मेडिकल कर्मचारियों की समस्याओं को



शीघ्र दूर करने की मांग की है। इस दौरान डॉक्टर भूरिया के साथ शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष राजेश भरावा, श्रीमती यास्मीन शेरानी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट, किसान नेता डीपी धाकड़, ब्लॉक अध्यक्ष कमरुद्दीन कछवाहा, बसंत पंड्या, राजीव रावत, महामंत्री शैलेंद्र सिंह अठाना, सुजीत उपाध्याय, जोएब आरिफ, नीलेश शर्मा, किशन सिंगार, सैयद वुशात, शीतल सेन, नदीम मिर्जा, दीपू सरदार अशरफ बेलिम थे। इसके पश्चात डॉक्टर भूरिया ने विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से मुलाकात की।

स्वदेश 27/5/2021

**अभियान में 300 सर्वेक्षण दल काम करेंगे**

# दो दिवसीय सर्वेक्षण अभियान आज से



**रतलाम.** शहर में कोरोना मरीजों के सर्वेक्षण तथा सात प्रतिशत संक्रमण मुक्त करने के लिए के लिए दो दिवसीय अभियान 27 मई से आरंभ किया जा रहा है। हर घर दस्तक, कोई घर छूटेगा नहीं नामक इस अभियान में सर्वेक्षण दल रतलाम शहर के प्रत्येक घर पहुंचेंगे। कलेक्टर कुमार